दैनिक
न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### निर्वाचन कार्य के लिये वाहन उपलब्ध नहीं करने पर परिवहन विभाग द्वारा पंजीयन किये जाएंगे निरस्त

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** संयुक्त कलेक्टर एवं जिला परिवहन अधिकारी सुमित अग्रवाल ने जानकारी दी कि जिन वाहन संचालकों ने निर्वाचन के दौरान वाहन उपलब्ध नहीं करवाये है, उनका पंजीयन परिवहन विभाग द्वारा निरस्त किया जाएगा।

### आंकड़ों की बाजीगरी के अलावा कुछ नया नहीं है बजट में -चेंबर

» पहले दिखाये छूट के ख्वाब और नीचे लिख दिया शर्तें लागू

**रायगढ़ (आरएनएस)।** आज प्रस्तुत केंद्रीय बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स रायगढ़ के महामंत्री हीरा मोटवानी ने कहा कि इस बजट ने नया कुछ तो दिया नहीं बल्कि ऐसा भ्रम पैदा कर दिया है कि लोग इसी में उलझ कर रह जाएंगे। उन्होंने कहा कि एक मध्यमवर्गीय परिवार बजट पर टकटकी लगाए इंतजार करता है कि जो वस्तुएं वह इस्तेमाल करता है वह कुछ सस्ती होंगी तथा विभिन्न टैक्स में कुछ राहत मिलेगी जिससे उसकी सालाना आमदनी में से कुछ हिस्सा बचेगा जिसे वह अपने अधूरे सपनों को पूरा करने में लगाएगा। परंतु ऐसा हुआ नहीं आयकर के दो स्लैब बना दिए गए और नीचे लिख दिया गया शर्तें लागू अब यदि इन शर्तों को पूरा किया जाता है तो एक बड़ा तबका जितना आयकर पहले देता था उससे कुछ न कुछ ज्यादा ही देगा क्यों कि देश में वर्षों से बचत को बढ़ावा देने के लिए आयकर की छूट को विभिन्न योजनाओं के साथ जोड़कर लागू किया जाता था जिससे न केवल बचत को प्रोत्साहन मिलता था बल्कि परिवार को आड़े वक्त में यह बचत काम आती थी।

### चुनावी हार कल की बात थी,पर वार्ड की समस्या मेरे अपनों की बात है- आशीष शर्मा

**रायगढ़ (आरएनएस)।** मुख्यालय में हाल ही में सम्पन्न हुए नगर निगम चुनाव में अपने विरोधी भाजपा प्रत्यासी महेश कंकरवाल से हार के बाद भी वार्ड नंबर 19 के कांग्रेस प्रत्याशी ने वार्ड वासियों का दिल जीत लिया था। मुख्यालय के सभी 48 वार्डों में जारी चुनावी खींचतान के बीच वार्ड क्रमांक 19 के चुनाव परिणाम पर शहर भर की नजर थी।। सच कहें तो पहली बार भाजपा के गढ़ कहे जाने वाले इस वार्ड से दो बार पार्षद रहे महेश कंकरवाल के समक्ष कड़ी चुनौती पेश हुई थी। इस के पीछे की वजह यह थी कि वार्ड में रहने वाले कोई भी व्यक्ति कैसी भी समस्या लेकर आशीष शर्मा से मिलता था वो चुनावी व्यस्तता से परे पहले उसकी समःया का समाधान को प्रथमिकता देते थे।

### एग्री युनिफेस्ट 2019-20 का आयोजन 8 से 12 तक

» देश के 70 कृषि विश्वविद्यालयों के 2500 से अधिक विद्यार्थी शामिल होंगे

**रायपुर (आरएनएस)।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर में देश भर के कृषि विश्वविद्यालयों के छात्रों का महाकुंभ लगेगा। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में 8 से 12 फरवरी 2020 तक 20वां अखिल भारतीय अंतर कृषि विश्वविद्यालय युवा महोत्सव (एग्री युनिफेस्ट 2019-20) का आयोजन किया जा रहा है। इस पांच दिवसीय एग्री युनिफेस्ट में देश भर के 70 कृषि विश्वविद्यालयों के 2,500 विद्यार्थी शामिल होंगे। एग्री युनिफेस्ट में विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन किया जाएगा जिसमें प्रतिभागी विद्यार्थियों द्वारा सहभागिता की जाएगी।

### संत मोनिका टीम ने जीता फुटबॉल टूर्नामेंट का फायनल

» रोमांचक मैच में शूटआउट से बनी विजेता

**रायगढ़ (आरएनएस)।** स्व. अमित सिंह ठाकुर फुटबॉल प्रतियोगिता का फायनल मैच संत मोनिका टीम एवं विजयपुर टीम के मध्य खेला गया जिसमें संत मोनिका टीम ने शूटआउट मुकाबले में 5-3 से विजय प्राप्त की। मैच के रेफ्री शैलु राव, शारदा गहलोत व संतोष निषाद रहे। यंग ब्वायज फुटबॉल क्लब आयोजन समिति के अध्यक्ष विजयेन्द्र यादव ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता पिछले एक सप्ताह से म्युनिस्पल स्कूल मैदान पर चल रही थी जिसमें कई जिलों की टीमों ने हिस्सा लिया, जिसका फायनल संत मोनिका टीम ने जीता।

# राशन कार्ड के माध्यम से अब हो सकेगा कैंसर पीड़ितों का इलाज-डॉ.खूबचंद बघेल एवं मुख्यमंत्री

## » जिला चिकित्सालय में कैंसर जांच शिविर आयोजित » रायपुर से विशेषज्ञों की टीम ने की जांच

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** अब छत्तीसगढ़ शासन की डॉ.खूबचंद बघेल एवं मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत राशनकार्ड के माध्यम से कैंसर पीड़ितों का इलाज किया जा सकेगा। इसी कड़ी में जिला अस्पताल रायगढ़ में स्वास्थ्य विभाग द्वारा निःशुल्क कैंसर जांच शिविर आयोजित की गई। शिविर में रायपुर से आए कैंसर विशेषज्ञों की टीम ने मरीजों की जांच की तथा विभिन्न परीक्षणों हेतु सेम्पल लिये।

कैंसर पाजीटिव पाये जाने पर मरीजों का इलाज शासन द्वारा रायपुर में कराया जाएगा और पीड़ित को 20 लाख रुपए तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। इस योजना के क्रियान्वयन के लिए शासन ने बाल्को मेडिकल केयर, नया रायपुर के साथ एएमयू साईन किया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी ने इस मौके पर बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा जिले भर में कैंसर की प्राथमिक स्क्रीनिंग की है। संदिग्ध मरीजों की कैंसर विशेषज्ञों से स्क्रीनिंग हेतु यह शिविर आयोजित की गई है। इसके अतिरिक्त आम जनता जिन्हें अपने शरीर व स्वास्थ्य में कैंसर जैसे लक्षण दिख रहे है वे भी यहां आकर निःशुल्क जांच करवा सकते है। शिविर में बाल्को मेडिकल केयर रायपुर से प्रसिद्ध व अनुभवी ओंकोलॉजिस्ट डॉ.गौरव गुप्ता व उनकी





टीम लोगों की जांच कर रही है। मरीजों के लक्षणों के आधार पर विभिन्न टेस्ट जैसे एफ.एन.ए.सी.,पेप्समियर, साईटोलॉजी के सेम्पल भी एकत्रित कर रही है। जिसका लैब में मशीनों द्वारा जांच कर कैंसर की पुष्टि की जाएगी। रिपोर्ट पॉजीटिव आने पर रोगी का इलाज रायपुर में किया जाएगा। इस अवसर पर डॉ.गौरव गुप्ता ने बताया कि आज के दौर में कैंसर रोगियों की संख्या में वृद्धि हुई है, जिसके बहुत से कारण हो सकते हैं। अनियमित जीवन शैली एक प्रमुख कारण है। छत्तीसगढ़ में अधिकांश कैंसर के मामलों में पुरूषों में मुख व गले का कैंसर तथा महिलाओं में स्तन तथा बच्चेदानी कैंसर के मामले देखने को मिल रहे है। जिसके पीछे लोगों की हानिकारक व असंयमित जीवनशैली जिम्मेदार है। तम्बाकू, शराब, गुड़ाखू का सेवन एवं मोटापा कैंसर के प्रमुख कारक है। महिलाओं में जागरूकता की कमी व झिझक तथा अपने स्वास्थ्य की अनदेखी करने की आदत भी अन्य कारण है। कैंसर को लेकर समाज में बहुत सी भ्रांतियां व्याप्त है, जैसे यदि किसी व्यक्ति को कैंसर हुआ तो उसका बचना असंभव है। इसे दूर करना आवश्यक है, क्योंकि आज कैंसर के निदान के लिए उन्नत इलाज छत्तीसगढ़ में ही संभव है। डॉ.गुप्ता ने आगे बताया कि कैंसर से बचाव व इलाज को तीन चरणों में समझा जा सकता है।

**पहला चरण प्रिवेंशन अथवा रोकथाम-**

जिसके तहत व्यक्ति को स्वस्थ जीवनशैली अपनाना चाहिए, कैंसर कारक पदार्थों के सेवन से बचना चाहिए एवं नियमित व्यायाम करना तथा संतुलित आहार लेना चाहिए तथा नियमित समयांतराल में अपने पूरे शरीर का नियमित चेकअप कराना चाहिए।

## दो बोरी विस्फोटक के साथ पकड़ा गया आरोपी अमृत पटेल गिरफ्तार

» अवैध रूप से विस्फोटक पदार्थ अमोनियम नाइट्रेट खरीदने के मामले में कुख्यात आरोपी अमृत पटेल गिरफ्तार

» मुख्य आरोपी विजय नायडू ने अमृत पटेल सहित कई खरदीदार का नामों का किया था खुलासा

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना सरिया के अपराध क्रमांक 08/2020 धारा 5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के मामले में आरोपी (1) सुरेश तांडी (2) ईश्वर नायक से पूछताछ कर मुख्य आरोपी एवं विस्फोटक स्पलायर विजय नायडू तक सरिया पुलिस पहुंची। आरोपी विजय नायडू के मेमोरेंडम कथन पर 03 अन्य आरोपी (3) बारतु सिदार (4) उमेश पटेल (4) भुनेश्वर साहू को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपी विजय नायडू ने सारंगढ़ क्षेत्र में रहने वाले कुख्यात आरोपी अमृत पटेल को भी अवैध रूप से विस्फोटक खरीदना बताया था जिस पर सरिया पुलिस निगाह रखे हुई थी। आरोपी को रंगे हाथ पकड़ने के लिये सरिया टी.आई. द्वारा अपना स्टाफ व मुखबिर अमृत पटेल के ऊपर तैनात किये हुये थे कि आज अमृत पटेल के मंदिरघाट स्थित खदान




में विस्फोटक के साथ मिलने की सूचना पुख्ता होने पर स्टाफ द्वारा बिश देकर आरोपी अमृत पटेल पिता सीताराम पटेल उम्र 36 वर्ष निवासी टिमरलगा को मंदिरघाट स्थित खदान से दो बोरी अमोनियम नाइट्रेट सहित गिरफ्तार किये हैं जिसे थाना सरिया के अपराध क्रमांक 08/2020 धारा 5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम में गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है , अन्य लोगो की तलाश व विस्फोटक खरीद की तस्दीक सरिया पुलिस द्वारा की जा रही है। आरोपी अमृत पटेल के विरुद्ध पूर्व में भी विस्फोटक खरीदने तथा वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी पर जानलेवा हमला करने का अपराध थाना सारंगढ़ में दर्ज किया गया था। आरोपी अमृत पटेल 4 माह जेल में निरुद्ध था।

## ओडिसा से ऑल्टो कार में लायी जा रही नकली कैस्ट्रोल मोबिल सरिया पुलिस ने पकड़ा

» 10 पेटी (200 नग) डुप्लीकेट मोबिल ऑइल, कार सहित 2 अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार

» उत्तर प्रदेश का नकली ऑयल छत्तीसगढ़ में खपाते थे आरोपीगण

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** तस्करों के लिये उपर्युक्त माने जाने वाला सरिया - ओडिसा मार्ग में सरिया पुलिस द्वारा अंतर्राज्यीय गिरोह के दो तस्करों को ऑल्टो कार में डुप्लीकेट मोबिल ऑइल लेकर आते हुये आज दिनांक 01.02.2020 के तड़के कंचनपुर बेरियर के पास घेराबंदी कर पकड़ा गया। पंचायत चुनाव 2020 के द्वितीय चरण में विकासखंड सारंगढ़ एवं बरमकेला में जिला पुलिस का आधा बल शांति पूर्ण चुनाव कराने में संलग्न था। जिसे देखते हुये शातिर तस्करों ने 31-01/02/2020 के रात्रि सरिया ओडिसा मार्ग से नकली मोबिल ऑयल रायगढ़ लाने की योजना बनाये थे। देर रात्रि तक टी.आई. सरिया एवं उनका स्टाफ पोलिंग पार्टीयों को बरमकेला पहुंचाने का




कार्य किया जा रहा था। इसी दरम्यान टी.आई. वासनिक को उनके सक्रिय मुखबिर से सूचना मिली कि ओडिशा की ओर से एक सफेद कलर की अल्टो कार जिसमे भारी मात्रा में नकली मोबिल ऑइल छत्तीसगढ़ प्रान्त में बेचने लाया जा रहा है। इस सूचना पर कंचनपुर बेरियर के पास सरिया स्टाफ द्वारा घेराबंदी किया गया था तभी सुबह-सुबह एक सफेद कलर की अल्टो कार - क्रमांक पी-80-सीई -7925 में आये दो व्यक्तियों को रोककर चेक किया गया। कार में 10 पेटी कैस्ट्रोलजीटीएक्स 100 नग, कैस्ट्रोलजीटीएक्स 100 नग मिला जिनके पास माल का कोई बिल नही था पूछताछ में आरोपियों ने उक्त नकली मोबिल ऑइल को आगरा उत्तर प्रदेश से कम कीमत पर खरीद कर छत्तीसगढ़ में इसे असली बताकर बेचना बतायें। जिस पर दोनों आरोपी 1.अशोक कुमार वर्मा पिता स्व. मुन्ना लाल वर्मा उम्र 42 वर्ष साकिन ई - 136 ट्रांस यमुना कालोनी फेस 2 कुबेरपुरा आगरा (उ0प्र0) 2. सुनील शर्मा पिता हरिबाबू शर्मा उम्र 44 वर्ष साकिन मकान नं.20/142 वेगमड़योडी धूलियागंज आगरा (उ0प्र0) के विरूद्ध इस्तगासा 01/2020 धारा 41(1)(4) जा0फौ0 379 भादवि की कार्यवाही कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। जप्त माल 200 नग डुप्लीकेट मोबिल ऑयल की कीमत लगभग 65 हजार रुपए है।

## लायनेस क्लब की डिस्ट्रिक्ट प्रेसीडेंट सुधा साव जी की रायगढ़ में अधिकारिक यात्रा



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** लायनेस क्लब ऑफ रायगढ़ सिटी की अध्यक्षा लायनेस किरण उरांव ने हर्षपूर्वक यह बताया कि लायनेस क्लब की डिस्ट्रिक्ट प्रेसीडेंट लायनेस सुधा साव जी का 31/01/2020 को रायगढ़ में आगमन हो चुका है और 02/02/2020 को होटल टिर्निटी ग्रैंड में सुबह 11 बजे से 3 बजे तक सम्पन्न होगी। जिसमें डिस्ट्रिक्ट प्रेसीडेंट लायनेस सुधा साव जी व एरिया आफिसर-लायनेस लता अग्रवाल जी द्वारा लायनेस क्लब ऑफ रायगढ़ सिटी के द्वारा वर्ष भर किए गए सेवा कार्यों का अवलोकन व समीक्षा की जाएगी।

## मितानिन के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

**न्याय साक्षी/रायगढ़। रायगढ़ विकास खण्ड के ग्राम-बनोरा में आज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लोईंग द्वारा मितानिन के लिए 1 से 3 फरवरी तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया।**





प्रशिक्षण में मितानिन को अपने संबंधित गांव की गर्भवती महिलाओं और बच्चों का स्वास्थ्य केन्द्रों के माध्यम से शत-प्रतिशत टीकाकरण कराने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए कहा गया। साथ ही उन्हें स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी भी दी गई। प्रशिक्षण में मितानिन को दी जाने वाली मेडिकल कीट में उपलब्ध जरूरी दवाई के बारे में बताया गया।

## आपात स्वास्थ्य सेवाओं के लिए जिले को मिले 6 नये एम्बुलेंस

» कलेक्टर यशवंत कुमार ने हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कलेक्टर यशवंत कुमार ने आज कलेक्टोरेट परिसर से शासन द्वारा जिले के मरीजों को आपात स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए मिले 6 नये एम्बुलेंस को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। नेशनल एम्बुलेंस सर्विस के तहत मिले 6 एम्बुलेंस में से 01 विकासखण्ड रायगढ़, 2 धरमजयगढ़, 01 घरघोड़ा, 01 बरमकेला एवं 01 तमनार विकासखण्ड के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में अपनी सेवा देंगे। इस अवसर पर कलेक्टर यशवंत कुमार ने कहा कि इन एम्बुलेंस के आने से दूरस्थ







अंचलों में निवासरत लोगों तक आपातकालीन स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच बढ़ाने में सहायता मिलेगी। मरीजों को चिकित्सा के लिए अस्पताल तक आने व वापस जाने में परेशानी नहीं उठानी पड़ेगी। इस दौरान अपर कलेक्टर राजेन्द्र कटारा, सीएचएमओ डॉ.एस.एन.केशरी एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव व रोकथाम के लिए जारी की गई एडवाईजरी


» निगरानी के लिए जिला सर्वेलेंस इकाई का गठन, टोल फ्री नंबर 104 भी किया गया है जारी

न्याय साक्षी/रायगढ़। कलेक्टर यशंवत कुमार के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी द्वारा हाल ही में चीन के हुबई राज्य के वुहान शहर में एक नये प्रकार का कोरोना वायरस संक्रमित के प्रकरण पाये जाने पर रायगढ़ जिले में उक्त वायरस के संभावित प्रकोप के रोकथाम एवं बचाव हेतु जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके लिए जिला सर्वेलेंस इकाई का गठन तथा टोल फ्री नंबर 104 जारी किया गया है। ज्ञात हो कि कोरोना वायरस अकेला वायरस नही है, यह कई वायरस का समूह है। बाकी अन्य वायरस की तरह यह भी जानवर से फैलता है। इस वायरस से प्रारंभ में सामान्य सर्दी-खांसी जैसे लक्षण दिखाये देते है जो आगे चलकर श्वास संबंधी गंभीर बीमारियों में परिवर्तित हो जाता है। इसमें मनुष्य से मनुष्य में संक्रमण फैलने की संभावना होती है। चीन के वुहान शहर के अलावा अन्य देशों जापान, थाईलैंड, दक्षिण कोरिया, अमेरिका, फ्रांस, मलेशिया, मकाऊ, ताईवान, आस्ट्रेलिया, कम्बोडिया, कनाडा, सिंगापुर, नेपाल एवं वियतनाम में भी उक्त वायरस से पीड़ित पाये गये हैं। कोरोना वायरस के लक्षण- बुखार आना, सिरदर्द, नाक बहना, जुकाम, सांस लेने में तकलीफ, खांसी, गले में खराश एवं सीने में जकडऩ्। कोरोना वायरस कैसे फैलता है-संक्रमित व्यक्ति के खुली जगह में छींकने व खांसने से, संक्रमित व्यक्ति से हाथ मिलाने, गले लगने आदि से, संक्रमित जगह से संपर्क में आने के बाद बिना हाथ धोए अपनी आंख, मुंह एवं नाक को छूने से। कोरोना से बचाव के लिए क्या करें- संक्रमित व्यक्ति के निकट सम्पर्क में आने से बचें, नियमित रूप से दिन में कई बार हाथों को साबुन एवं साफ पानी से धोएं, बिना हाथ धोए अपनी आंख, मुंह एवं नाक को न छुएं, संक्रमित सामग्रियों के सम्पर्क या नाक छूने से बचें। जिले के समस्त औद्योगिक संस्थानों एवं हॉटल संचालकों को निर्देश दिए गए है।

## प्रमाणिक, ज्ञानवर्धक, तथ्यपरक एवं प्रासंगिक जानकारियों का उम्दा संकलन है जनमन किताब-कैलाश पटेल

» जनमन मिलते ही पढऩे में रम जाता हूं शासन की योजना के साथ ही छत्तीसगढ़ की संस्कृति एवं परम्परा का दर्पण है जनमन

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** जनमन के जनवरी की प्रति प्राप्त कर अपनी खुशी बयां करते हुए नंदेली के कैलाश पटेल ने कहा कि यह अंक उनके लिए बहुत खास है और यह किताब जब भी मिलती है मैं पढऩे में रम जाता हूं। लोकसेवा आयोग (पीएससी) की परीक्षा की तैयारी कर रहे कैलाश ने बताया कि जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित यह किताब छत्तीसगढ़ के परिप्रेक्ष्य में प्रमाणिक, ज्ञानवर्धक, प्रासंगिक एवं तथ्यपरक जानकारियों का उम्दा संकलन है। यह शासन की योजना के साथ ही छत्तीसगढ़ की संस्कृति एवं परम्परा का भी दर्पण है। जनमन में समसामयिक घटनाक्रम का भी समावेश किया गया है।



उन्होंने कहा कि यह प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए बहुत उपयोगी है, वहीं जनसामान्य के लिए भी जानकारी के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है। कैलाश ने ऐसे महत्वपूर्ण, रूचिकर एवं प्रेरणादायक प्रकाशन के लिए जनसंपर्क विभाग को अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कैलाश पटेल ने कहा कि जनमन के इस अंक में यह जानकारी मिली कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने देश की सबसे बड़ी स्वास्थ्य योजना का आगाज किया है। छत्तीसगढ़ सरकार ने जनमानस के बेहतर स्वास्थ्य के लिए डॉ.खूबचंद बघेल एवं मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना शुरू की है, जिसमें जटिल एवं दुर्लभ बीमारियों के उपचार के लिए सरकारी मदद का दायरा 50 हजार से लेकर 20 लाख रुपए तक किया गया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव को विश्वस्तर पर पहचान मिली है।

जिसमें देश के राज्यों, केन्द्रशासित प्रदेशों के आदिवासी कलाकारों ने एक दूसरे की संस्कृति को निकट से महसूस किया और आत्मसात किया। युगांडा, बेलारूस, मालदीव, श्रीलंका, थाईलैण्ड, बांग्लादेश सहित भारत के विभिन्न जनजातीय कलाकारों ने मंच साझा किया।

यही वजह है कि महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष नानाभाऊ पटोले ने छत्तीसगढ़ शासन की इस पहल से प्रभावित होकर यह कहा कि महाराष्ट्र में भी छत्तीसगढ़ की तर्ज पर आदिवासी नृत्य महोत्सव का आयोजन किया जाएगा, जो छत्तीसगढ़ की महत्वपूर्ण उपलब्धि को रेखांकित करता है। वहीं हर क्षण को मोहक तस्वीरों में पिरोया गया है, जो इस किताब को आकर्षक बनाती है। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि सर्वाधिक खाद्यान्न उत्पादन के लिए हाल ही में ही कर्नाटक में छत्तीसगढ़ को कृषि कर्मण पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480